# झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची

विज्ञापन संख्या : 03/स्थापना/ 2018

**1.** झारखण्ड उच्च न्यायालय में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु योग्य पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं ।

**2.** पदों की संख्या एवं उनका वेतनमान निम्नांकित है:-

| क्र. स. | पद का नाम | पदों की संख्या | अनारक्षित | अनु. ज.जाति | अनु. जाति | अ. पि. व. - I | पि. व.- 2 | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाहन चालक | 11 | 07 | 02 | 01 | 01 | 00 | लेवल- 2 |
| 2. | रसोइया | 25 | 13 | 06 | 03 | 02 | 01 | लेवल- 1 |
| 3. | जनरेटर ऑपरेटर | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | लेवल- 1 |
| 4. | चपरासी | 16 | 09 | 05 | 01 | 01 | 00 | लेवल- 1 |

**3.** उम्मीदवार विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से स्वलिखित आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से निम्नलिखित पते पर केवल द्रुत डाक (स्पीड पोस्ट) या रजिस्टर्ड पोस्ट से समर्पित करें । आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.06.2018 के अपराहन 05:00 बजे तक है । इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होगा ।

**4.** अनिवार्य योग्यताएं :-

4.1 वाहन चालक के पद हेतु :-

(क) दसवीं या समकक्ष उतीर्ण

(ख) वैध (LMV) मोटर वाहन चालन लाइसेंस के साथ 3 वर्ष का अनुभव

4.2 रसोइया के पद हेतु :-

(क) दसवीं या समकक्ष उतीर्ण

(ख) कुकिंग एवं कैटरिंग में 3 वर्ष का अनुभव

4.3 जेनरेटर ऑपरेटर के पद हेतु :-

(क) दसवीं या समकक्ष उतीर्ण

(ख) जेनरेटर चालन का 3 वर्ष का अनुभव (ऑटोमोबाइल/ मैकेनिकल ट्रेड/स्ट्रीम में आई टी आई/ डिप्लोमा/ डिग्री रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी

4.4 चपरासी के पद हेतु :-

(क) दसवीं या समकक्ष उतीर्ण

(ख) साइकिल चलाने का ज्ञान (महिलाओं एवं दिव्यांगों के लिए अनिवार्य नहीं )

**5.** उम्मीद्वार की आयु दिनांक 01/04/2018 को 18 वर्ष से कम तथा सामान्य जाति के लिए 35 वर्ष, पिछड़ी जाति/ अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए 37 वर्ष, महिलाओं के लिए 38 वर्ष, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए 40 वर्ष तथा दिव्यांगों (40% या उस से अधिक) के लिए 45 वर्ष से अधिक आयु के नहीं होने चाहिए ।

**6.** झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा प्रतिपादित संकल्प एवं आरक्षण नियम लागू रहेंगे । समानता के आधार पर स्थानीय आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

**7.** उम्मीदवार एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन प्रेषित करें । आवेदन की किसी प्रकार की अग्रिम प्रति स्वीकार नहीं की जायेगी । आवेदक लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं जिस पद हेतु आवेदन दिया जा रहा है स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में लिखें ।

**8.** अनुलग्नक:-

(क) मैट्रिक परीक्षा या समकक्ष परीक्षा पास करने का प्रमाण पत्र जो जन्म तिथि का भी प्रमाण होगा।

(ख) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (नियुक्ति हेतु आरक्षण कोटि के उम्मीद्वारों के लिए)

(ग) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र (आरक्षण कोटि के उम्मीद्वारों के लिए)

(घ) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र (दिव्यांग उम्मीद्वारों के लिए)

(ड.) आवेदन पत्र के साथ आवेदक अपना अद्यतन पासपोर्ट आकार का स्वअभिप्रमाणित फोटो चिपकायें एवं पासपोर्ट आकार की स्वअभिप्रमाणित दो फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें ।

(च) आवेदन पत्र के साथ 10"x4" आकार का एक स्वपता लिखित लिफाफा जिसपर 40/- रु. मूल्य का डाक टिकट चिपका हुआ संलग्न हो।

**9.** महत्वपूर्ण सूचनाएं :-

(क) स्वलिखित विहित प्रपत्र में केवल हिंदी में स्वलिखित एवं हस्ताक्षरित हो । टंकित / छपाई वाले विहित प्रपत्र स्वीकार्य नहीं हैं ।

(ख) सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति विशुद्ध रूप से मेधा सूची के आधार पर की जाएगी ।

(ग) उपरोक्त वांछित सूचनाएं किसी भी प्रकार से अपूर्ण होने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जाएगा और तत्संबंधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा ।

(घ) आवेदक को प्रवेश पत्र जिसमे परीक्षा/ साक्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगी उसे आवेदक द्वारा दिए गए लिफाफे पर दर्शाए गए पते पर डाक द्वारा भेजा जाएगा ।

(ङ) उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप में प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी ।

(च) लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम बड़े एवं साफ़ अक्षरों में लिखा होना चाहिए।

(छ) वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा ।

(ज) परीक्षा/ साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा ।

(झ) आवेदन भेजने का पता:- महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, डोरंडा, रांची- 834033

ह./-

महानिबंधक

झारखण्ड उच्च न्यायालय

रांची

17/05/2018

# आवेदन का विहित प्रपत्र

(केवल स्व-हस्तलिखित विहित प्रपत्र में आवेदन ही स्वीकार्य है)

पद के नाम के आगे ✓ का निशान लगायें

स्टाफ कार चालक [ ] रसोइया [ ] जेनरेटर ऑपरेटर [ ] चपरासी [ ]

आवेदक स्वयं का स्व- अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकायें

| | |
|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम (हिंदी में):- |
| 2. | पिता / पति का नाम:- |
| 3. | पत्राचार हेतु आवेदक का पता पिनकोड के साथ:- |
| 4. | स्थाई पता:- |
| 5. | जन्म तिथि:- तारीख-_____ माह-_____ वर्ष-_______ |
| 6. | जन्म स्थान:- |
| 7. | दिनांक 01/04/2018 को आयु:- _______वर्ष _______माह _______दिन |
| 8. | राष्ट्रीयता:- |
| 9. | दूरभाष:- मोबाइल न.:- |
| 10. | शैक्षणिक योग्यता:- |

| 10.1 | उतीर्ण परीक्षा | बोर्ड / विश्व-विद्यालय का नाम | उतीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 10.2 | | | | | |
| 10.3 | | | | | |
| 10.4 | | | | | |
| 10.5 | | | | | |

| | |
|---|---|
| 11. | विशेष योग्यता एवं अनुभव यदि कोई हो:- |
| 12. | कोटि/ श्रेणी (कृपया अंकित करें) :-<br>(क) सामान्य- (ख) पिछड़ा वर्ग (कोटि-1)- (ग) पिछड़ा वर्ग (कोटि-2)-<br>(घ) अनुसूचित जाति- (ङ) अनुसूचित जनजाति- |
| 13. | लिंग (कृपया लिखें):- |
| 14. | यदि दिव्यांग हो तो अशक्यता का प्रतिशत:-<br>(क) अंधापन या अल्प दृष्टि- (ख) बहरापन- (ग) अन्य अपंगता- |
| 15. | क्या वर्तमान में किसी सरकारी संस्था / लोक उपक्रम / पब्लिक लिमिटेड कंपनी में सेवारत हैं - हाँ या नहीं |
| 16. | लाइट मोटर कार चलाने की अनुज्ञप्ति तथा ड्राइविंग पर कार्य करने का पूर्व अनुभव (पूर्ण विवरण सहित)- (केवल कार चालक पद हेतु):- |
| 17. | क्या आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज हुआ है, यदि हाँ तो उसका पूर्ण विवरण अपराध की धारा सहित उल्लेख करें । |

| 18. | |
|---|---|
| | **घोषणा पत्र** |

## घोषणा पत्र

मेरे द्वारा घोषित किया जाता है की मेरे द्वारा प्रस्तुत विवरण/ सूचना/ प्रविष्टियां मेरी लिखावट में भरी गयी हैं एवं मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है की मेरे खिलाफ कोई आपराधिक केस लंबित नहीं है, ना ही मैं किसी दंडनीय अपराध के अंतर्गत दण्डित किया गया हूँ, ना ही मैं नैतिक भ्रष्टाचार के किसी अपराध के कानूनी केस से सम्बंधित हूँ। मैं जानता हूँ कि यदि आवेदन में लिखित तथ्यों में से कुछ भी झूठा / गलत पाया जाता है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में बगैर किसी भी सूचना के झारखण्ड उच्च न्यायालय मेरी उम्मीदवारी या नियुक्ति को रद्द या समाप्त कर सकता है और मेरे विरुद्ध फौजदारी / दंडनीय कानूनों के अधीन अभियोजन भी चलाया जा सकता है ।

<u>अनुलग्नक:-</u>

1. दसवीं उतीर्णता प्रमाण पत्र/ अंक पत्र -
2. मोटर कार चलाने का LMV लाइसेंस एवं ड्राइविंग कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र / रसोइया का काम करने का अनुभव प्रमाण पत्र / जेनेरेटर चालन का अनुभव प्रमाण पत्र (जो भी लागू हो)-
3. जाति प्रमाण पत्र एवं अधिवास प्रमाण पत्र (आरक्षण कोटि के उम्मीदवारों के लिए) -
4. अनुभव एवं विशेष योग्यता के प्रमाण पत्र -

स्थान:-

तिथि:- आवेदक के हस्ताक्षर

## प्रवेश पत्र

| | | आवेदक स्वयं का स्व- अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकायें |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद का नाम:- | |
| 2. | आवेदक का नाम (हिंदी में):- | |
| 3. | पिता / पति का नाम:- | |
| 4. | पत्राचार का पता पिनकोड के साथ: | |
| | **(केवल कार्यालय के द्वारा भरा जाएगा)** | |
| 5. | रौल न.:- | |
| 6. | परीक्षा/ साक्षात्कार स्थल का नाम एवं पता:- | |
| 7. | परीक्षा/ साक्षात्कार की तिथि एवं समय:- | |

महानिबंधक

झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची